उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 16.09.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 16.09.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।






## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्र-छात्राओं एवं महिलाओं को किया गया जागरूक...

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा में *महिला सशक्तिकरण एवं महिला सुरक्षा* सम्मान हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत आज दिनांक- 16.09.2025 को विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इसी क्रम में जनपद के अन्य थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा भी अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद स्थापित किया गया और शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं एवं महिला सुरक्षा से जुड़ी सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही पम्पलेट वितरित कर हेल्पलाइन नम्बरों का प्रचार-प्रसार किया गया। जिसमें क्रमशः

**थाना कोतवाली नगर महोबा** – विभिन्न सार्वजनिक एवं भीड भाड वाले स्थानों में
**थाना कबरई –** कस्बा कबरई में भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र में एवं सार्वजनिक स्थानों में
**थाना खन्ना-** विभिन्न सार्वजनिक एवं भीड भाड वाले स्थानों में
**थाना चरखारी –** कस्बा चरखारी में भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र में एवं सार्वजनिक स्थानों में
**थाना खरेला** – कस्बा खरेला के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों में
**थाना श्रीनगर** – विभिन्न सार्वजनिक एवं भीड भाड वाले स्थानों में
**थाना पनवाड़ी –** थाना पनवाड़ी के कस्बा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों में
**थाना महोबकंठ –** कस्बा महोबकंठ के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों में

इस दौरान महिलाओं बालिकाओं से वार्ता कर परस्पर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा उन्हें उनके अधिकारों से संबंधित प्रमुख कानूनी प्रावधानों, *गुड टच-बैड टच*, *साइबर अपराध* से बचाव एवं विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी देकर जागरूक किया गया।

### महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर:-

**112 –** पुलिस आपातकालीन सेवा, **1076 –** मा० मुख्यमंत्री हेल्प लाइन
**1090** – विमेन पावर हेल्पलाइन, **1930 –** साइबर अपराध हेल्पलाइन **102 –** स्वास्थ्य सेवा,
**108 –** एम्बुलेंस सेवा **1098 –** चाइल्ड हेल्पलाइन, **181 –** महिला हेल्पलाइन

इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं, बालिकाओं एवं विद्यार्थियों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना, उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और हर परिस्थिति में उन्हें त्वरित सहायता उपलब्ध कराना है।










उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 16.09.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश-

आज दिनांकः- 16.09.2025 को बैंक व अन्य वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर जनपद महोबा में पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़, श्री रविकांत गोंड के नेतृत्व में जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारिओं द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया, जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी।

जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी।

इसी क्रम में पुलिस टीम ने बैंक चेकिंग के दौरान बैंक आये हुए आम जनमानस से संवाद स्थापित कर उनको धोखा-धड़ी, जालसाजी, ठगी/टप्पेबाजी से बचाव हेतु जागरूक किया गया।





# महोबा पुलिस



## थाना कबरई की पुलिस टीम ने
## 01 नफर वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 16.09.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर, श्री अरुण कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष कबरई श्री सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया द्वारा गठित व0उ0नि0 मलखान सिंह मय हमराह का0 कुंवर पाल के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त अरविन्द यादव पुत्र जागेश्वर यादव उम्र करीब 37 वर्ष निवासी ग्राम सुनैचा पोस्ट रिवई थाना कबरई जनपद महोबा सम्बन्धित वाद सं0 211/2020 धारा 125 द0प्र0सं0 में मा0 न्यायालय द्वारा निर्गत गिरफ्तारी वारण्ट के अनुपालन में अभियुक्त उपरोक्त को ग्राम सुनैचा थाना कबरई जनपद महोबा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. व0उ0नि0 मलखान सिंह
2. का0 कुँवर पाल

### गिरफ्तार अभियुक्त-

अरविन्द यादव पुत्र जागेश्वर यादव उम्र करीब 37 वर्ष निवासी ग्राम सुनैचा पोस्ट रिवई थाना कबरई जनपद महोबा



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 16.09.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कुलपहाड़ की पुलिस टीम ने अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अवैध शस्त्र की रोकथाम एवं अवैध शस्त्र धारक अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी एवं बरामदगी अभियान के क्रम में दिनांक 15.09.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड, श्री रविकान्त गोंड के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कुलपहाड श्री राधेश्याम वर्मा द्वारा गठित टीम उ0नि0 योगेश रावत मय हमराह कां0 विवेक कुमार व कां0 ओमप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त सियाराम रैकवार पुत्र भूधर रैकवार उम्र करीब 27 वर्ष निवासी ग्राम मुढारी थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा जिसके कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर मय 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद करते हुये मुढारी तिराहा वहद कस्बा व थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 257/2025 धारा 3/25 आयुध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त –

सियाराम रैकवार पुत्र भूधर रैकवार उम्र करीब 27 वर्ष निवासी ग्राम मुढारी थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. उ0नि0 योगेश रावत
2. कां0 विवेक कुमार
3. कां0 ओमप्रकाश शर्मा

### बरामदगी –

अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर मय 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं


**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 16.09.2025**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा साप्ताहिक मंगलवार परेड की सलामी ली गयी, टोलीवार निरीक्षण एवं ड्रिल करायी गयी, रिक्रूट आरक्षियों को संबोधित किया एवं पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं को परख दिए आवश्यक निर्देश...।



आज दिनांक 16.09.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन महोबा में साप्ताहिक मंगलवार परेड की सलामी ली गई। परेड उपरांत टोलीवार निरीक्षण कर अनुशासन की दृष्टि से जनपदीय पुलिस एवं रिक्रूट आरक्षियों से टोलीवार ड्रिल कराई तथा शारीरिक व मानसिक दृढ़ता को बनाए रखने के उद्देश्य से दौड़ कराई गई।

इसी क्रम में पुलिस लाइन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों को संबोधित करते हुए पुलिस बल की गरिमा, कर्तव्यनिष्ठा एवं अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को अनुशासन, एकरूपता, स्वच्छ वर्दी धारण करने तथा परिसर की स्वच्छता बनाए रखने जैसे मूलभूत बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन प्रदान किया।

इसके उपरांत अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं को परखा जिसमें नवचयनित आरक्षियों के बैरक, क्लासरूम, मेस व भोजनालय का निरीक्षण कर स्वच्छता एवं अनुशासन बनाए रखने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

परेड के बाद अर्दली रूम कार्यवाही के दौरान गार्द रजिस्टरों की जांच की गई तथा अधिकारियों/कर्मचारियों को अनुशासन एवं कार्यकुशलता बनाए रखने संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक/आरआई महोबा श्री शिवकुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## साइबर ठगी करने वाले वांछित अभियुक्तों को थाना साइबर क्राइम जनपद महोबा की पुलिस टीम ने किया गिरफ्तार, अभियुक्तों के कब्जे से ठगी के 8,000/- नगद रु. सहित घटना में प्रयुक्त सामग्री बरामद...।

शिकायतकर्ता कुणाल हरदया पुत्र विनोद कुमार हरदया निवासी मोहल्ला जारीगंज थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा द्वारा यह सूचना साइबर क्राइम पुलिस थाना महोबा को दी गयी कि उनके श्याम एनर्जी सोल्यूशन पेट्रोल पम्प, चरखारी बाईपास रोड पर कुछ अज्ञात व्यक्ति आकर पेट्रोल पम्प के क्यूआर कोड के माध्यम से ऑनलाइन साइबर फ्रॉड का पैसा डलवाते थे, जिसमें पम्प का सेल्समैन विकास अनुरागी पुत्र बाबूलाल अनुरागी निवासी बजरिया थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा भी सहयोग करता था। प्राप्त धनराशि का प्रयोग उक्त अभियुक्त व अज्ञात व्यक्ति आपस में बांटकर कैश व पेट्रोल के रूप में करते थे।

उक्त सूचना के आधार पर साइबर क्राइम पुलिस थाना महोबा पर मुकदमा अपराध संख्या 07/2025 धारा 318(4) बीएनएस व 66C/66D आईटी एक्ट पंजीकृत कर तत्काल कार्यवाही प्रचलित कर दी गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा घटना का संज्ञान लेते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी व संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। जिसके क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रविकांत गौड़ के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना मो0 फहीम अख्तर के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों का संकलन करते हुए मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त विकास अनुरागी पुत्र बाबूलाल अनुरागी उम्र 21 वर्ष निवासी बजरिया थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा व 03 बाल अपचारियों को चिन्हित कर नियमानुसार गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही सम्पादित की गई।

### गिरफ्तार अभियुक्त –

विकास अनुरागी पुत्र बाबूलाल अनुरागी उम्र 21 वर्ष निवासी बजरिया थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा व 03 बाल अपचारी

### बरामदगी –

उक्त अभियुक्त व 03 बाल अपचारी के कब्जे से 03 अदद मोबाइल फोन (अनुमानित कीमत ₹50,000), ₹8,000 नकद, 09 अदद एटीएम कार्ड, 03 अदद पासबुक, 01 अदद चेकबुक, 01 अदद जियो राउटर व 02 अदद मोटरसाइकिल की RC बरामदग।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1.प्रभारी निरीक्षक श्री मो0 फहीम अख्तर, साइबर क्राइम थाना महोबा
2.उ0नि0 भूपेन्द्र सिंह 3.कां0 अमनदीप सिंह 4.कां0 सुरजीत कुमार
5.कां0 मनीष सिंह 6.कां0 संदीप यादव 7.कां0 अखिलेश कुमार

